आभार

एक शोध कार्य को सफलता पूर्वक सम्पन्न करना अपने आप में एक जटिल प्रक्रिया है | यह सूचनाओं के सतर्कता पूर्वक संकलन, क्रमबद्ध व्यवस्थितीकरण के साथ विवरणात्मक, विश्लेषणात्मक व आनुभविक चरणों के माध्यम से उपयोगी सूचनाओं एवं निष्कर्षों को प्रदान करता है | एक शोध कार्य को कोई शोधार्थी अकेले अपने बलबूते करना चाहे तो यह असंभव प्रतीत होता है | अतः इस कार्य में विद्वत समूहों, ग्रंथालयों के साथ ही अन्य सहयोगियों की भी महत्वपूर्ण भूमिका हो जाती है | इस शोध कार्य में मुझे भी इन सभी का सहयोग मिल सका जिसके फलस्वरूप इस कठिन कार्य को योजनाबद्ध तरीके से सम्पन्न किया जा सका | मेरे इस शोध कार्य को सफलता पूर्वक सम्पन्न करने में सबसे पहले मैं आभारी हूँ अपने विभाग की उस त्रिवेणी का जिसकी दिव्य दृष्टि एवं आशीर्वाद मुझे हर कदम एवं पहलू पर मिलता रहा और वो भी इतने प्रेम व सम्मान के साथ जिसे शायद मैं शब्दों में बयां न कर सकूं | अतः इस कृपा दृष्टि को मेरा शत-शत नमन एवं साधुवाद प्रणाम | साथ ही मैं अपने शोध निर्देशक के उन प्रयासों का भी कायल हूँ जो किसी की डूबती नैया को पार लगा देंवें | इसी क्रम में मैं अपने उन सभी भाई एवं बहिनों का तहे दिल से आभार जताना चाहूँगा जिनके संपर्क में मैं पिछले एक साल में आया और जिनके साथ रहकर मैं स्वयं को उर्जान्वित करते हुये नए अनुभव हासिल कर सका |

अगली कड़ी में मैं शुक्रगुजार हूँ गुरुवर श्री कंवरसिहँ जी एवं श्री रामपत जी का जिन्होंने मेरे ऊपर जमी हुई धूल झाड़ने का साहस जुटाया और माडर्न इंडियन शिक्षण संस्थान परिवार का जिसने मुझे मजबूत इरादे एवं नई दिशा प्रदान की | अहसानमंद हूँ परिवार के सदस्यों का जिन्होंने हमेशा ही मुझे अपना भरोसा दिया, उन वरिष्ठ साथियों का जिन्होंने मुझे सकारात्मक बने रहने में योगदान किया |

सबसे अहम स्वर्गीय पिताश्री के आचरण सिद्धांतो, माताश्री की सहनशक्ति व फर्ज का दादाजी श्री मातादीन जी के आशीर्वाद व धैर्य का जो 98 की उम्र में भी मुझे मिलता रहा है , बेटी के त्याग का एवं उसके पालनहारों द्वारा निभाये दायित्व का, जिसने मुझे अपने अध्ययन में संलग्न रहने का भरपूर समय उपलब्ध करवाया एवं अपनी जीवन संगिनी के उस सहयोग एवं प्रयासों का जो उन्होंने अपनी अस्वस्थाता के दौरान भी मुझे उपलब्ध करवाये हैं | साथ उन सभी का भी आभार जताना चाहूँगा जिनका सहयोग मुझे अन्य किसी भी रूप में इस शोध कार्य को सफलता पूर्वक सम्पन्न करने में मिला है |

हनुमन्त सिहँ